दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति

SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज

3 अरहर फसल को सुरक्षित करने को नीम की पत्ती का घोल बनाकर करें छिड़काव : डॉ. किशोर

4 69 हजार शिक्षक भर्ती: अभ्यर्थियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आवास घेरा

5 दरोगा के खिलाफ जारी हुआ गैर जमानती वारंट

6 सोनभद्र की पुलिस लाइन हुई आईएसओ सर्टिफाइड, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के पालन का मार्ग प्रशस्त

7 विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस ने पवार हाउस का किया घेराव सौंपा ज्ञापन

## भाजपा का सदस्यता अभियान केवल पार्टी की ताकत बढ़ाने के लिए नहीं, भारत को सशक्त करने के लिए है : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, 02 सितंबर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान-2024 का शुभारंभ करते हुए कहा कि भाजपा एकमात्र पार्टी है जो लोकतंत्र का पालन करती है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान केवल पार्टी की ताकत बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि भारत को सशक्त करने के लिए है।



प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह के साथ भाजपा मुख्यालय में पार्टी के 'सदस्यता अभियान' का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से अपनी भाजपा सदस्यता का नवीनीकरण किया और 2024 में पार्टी के पहले सदस्य बने। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भाजपा सदस्यता प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जब तक जिस संगठन के माध्यम या जिस राजनीतिक दल के माध्यम से देश की जनता सत्ता सुपुर्द करती है, वो ईकाई, वो संगठन और वो दल अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है, उसमें आंतरिक लोकतंत्र निरंतर पनपता नहीं है तो वैसी स्थिति बनती है जो आज देश कई दलों को हम देख रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्लभाजपा एक मात्र दल है, जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार अक्षरशः लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रहा है और जन-सामान्य की आशा, आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपने आप को निरंतर योग्य बनाते रहता है ह्व

प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकताओं से देश के सीमावर्ती गांवों से सदस्यता अभियान की शुरूआत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें इन गांवों में एक विशेष इकाई बनाकर सदस्यता अभियान चलाना चाहिए और पूरे गांव को भाजपा का सदस्य बनाना चाहिए। उन्होंने विश्वास के साथ कहा कि ये सदस्यता अभियान पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा।

उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि सदस्यता अभियान की शुरूआत सबसे कमजोर मतदान केंद्र से करनी चाहिए जहां पार्टी को सबसे कम वोट मिले हों। चुनौतियों को चुनौती देना भाजपा की रगों में है। जहां लोग भाजपा को स्वीकार करते हैं, वहां सदस्य बनाना आसान है। हालांकि, हमें वहां सदस्य बनाने की जरूरत है जहां हमें चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने जनसंघ के दिनों में पार्टी कार्यकर्ता द्वारा दीवारों पर दीपक पेंट करने और विपक्षी दलों के नेता के भाषणों में इसका मजाक उड़ाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के लिए कहा जाता था कि उसका एक पैर रेल में होता है और दूसरा जेल में होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा के लिए सदस्यता अभियान परिवार विस्तार है न कि आंकड़ों का खेल। ये सदस्यता अभियान एक पूर्णरूप से वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन भी है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से कहा, ह्लये जो सदस्यता अभियान होगा, जो संगठन की संरचना होगी उसी कालखंड में विधानसभाओं और लोकसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया होगा। महिलाओं के लिए अगर ये 33 प्रतिशत आरक्षण इसी कालखंड में आने वाला है तो क्या मेरे सदस्यता अभियान में मैं वैसे सभी लोगों को जोडूंगा, जो मेरी पार्टी के इतने महत्वपूर्ण निर्णय में अधिकतम महिलाओं को विजयी बनाकर एमएलए, एमपी बना सकें।

## नेटफ्लिक्स सीरीज 'क्ठ 814-द कंधार हाईजैक' पर रोक के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली, 02 सितम्बर (हि.स.)। दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर नेटफ्लिक्स सीरीज "क्ठ 814-द कंधार हाईजैकह्व पर रोक लगाने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि आतंकवादियों को हिंदू नाम देकर उनकी वास्तविक पहचान को गलत नाम से पेश किया गया है। याचिका में कहा गया है कि नेटफ्लिक्स की सीरीज 'क्ठ 814-द कंधार हाईजैक' 1999 की घटना में शामिल आतंकवादियों की वास्तविक पहचान छिपाकर फिल्म को प्रस्तुत किया गया है। यह याचिका सुरजीत सिंह यादव ने दायर की है।

वेब सीरीज 'क्ठ 814-द कंधार हाईजैक' 24 दिसंबर, 1999 में इंडियन एयरलाइंस विमान के अपहरण की घटना पर आधारित है। इस विमान में 154 यात्री और क्रू मेंबर्स यात्रा कर रहे थे। इस विमान को काठमांडू से दिल्ली के लिए आना था लेकिन जैसे ही इस विमान ने उड़ान भरी 40 मिनट के अंदर इसे आतंकियों ने हाईजैक कर लिया। हाईजैक करने वाले आतंकियों का संबंध पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन हरकत-उल-मुजाहिद्दीन से था। इस विमान को अफगानिस्तान के कंधार की ओर मोड़ दिया गया, जो कि उस समय की तत्कालीन तालिबान के नियंत्रण में था।

विमान के हाईजैक होने के बाद आठ दिन तक चले घटनाक्रम के दौरान आतंकियों ने मौलाना मसूद अजहर, अहमद उमर सईद शेख और मुश्ताक अहमद जरगर को छोड़ने की मांग की। भारी दबाव और अपहृत यात्रियों के जान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार आतंकियों को छोड़ने पर राजी हुई थी। तत्कालीन विदेश मंत्री जसवंत सिंह खुद आतंकियों को छोड़ने कंधार गए थे।




वेब सीरीज 'क्ठ 814-द कंधार हाईजैक' का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है, जो नेटफ्लिक्स पर 29 अगस्त को रिलीज हुई है। इस वेब सीरीज में विजय वर्मा, नसीरुद्दीन शाह, पंकज कपूर और अन्य कलाकारों ने काम किया है। इस वेब सीरीज में आतंकियों के बारे में तथ्यों को तोड़ मरोड़ करने का आरोप है। इसमें आतंकियों के नाम शंकर और भोला हैं। इन नामों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया है कि आतंकियों की वास्तविक पहचान छिपाई गई है, जो इस्लामी चरमपंथी समूहों से जुड़े हुए थे। इसे लेकर एक्स पर बायकॉट नेटफ्लिक्स हैशटैग से अभियान चलाया गया था।

## भाजपा ने कास्टिंग काउच का आरोप लगाने वाली महिला नेता के निष्कासन पर कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली, 02 सितंबर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस की केरल इकाई की पूर्व नेता सिमी रोजबेल जॉन के कांग्रेस में कास्टिंग काउच के गंभीर आरोप को लेकर तीखा हमला किया है।



भाजपा ने महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये नेता चुनाव से पहले महिला सुरक्षा की बात करते हैं, लेकिन जब बात उनकी पार्टी की आती है तो वे कोई कार्रवाई नहीं करते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी की महिला विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा के वादे करती है और प्रियंका गांधी की "लड़की हूं, लड़ सकती हूं" के दावे के बावजूद कांग्रेस पार्टी अपनी ही पार्टी के भीतर महिला उत्पीड़न और शोषण के गंभीर आरोप लगने पर चुप्पी साध लेती है।

चंद्रशेखर ने हेमा समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला उत्पीड़न के दावों की जांच करने में विफल रही है। चुनाव से पहले कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने ह्वलड़की हूं लड़ सकती हूंह्व का नारा दिया और राहुल गांधी देश के संविधान को बचाने की बात कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि देश में महिलाओं को सुरक्षा नहीं मिल रही है। कांग्रेस चुनाव से पहले महिला सुरक्षा की दुहाई देती है, लेकिन कोलकाता, कन्नौज और केरल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बलात्कार, शोषण और जघन्य अपराधों पर चुप्पी साध लेती है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि पांच साल की टालमटोल के बाद केरल सरकार को हेमा समिति की रिपोर्ट जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस रिपोर्ट ने केरल में कांग्रेस और सीपीआई की सरकारों के तहत फिल्म उद्योग में हो रहे महिलाओं के व्यापक शोषण और उत्पीड़न को उजागर किया है। केरल में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सिमी रोजबेल ने अपने ही पार्टी पर शोषण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि केरल कांग्रेस के भीतर महिला नेत्रियों को शोषण और कास्टिंग काउच का शिकार होना पड़ता है। सिमी रोजबेल द्वारा केरल कांग्रेस के भीतर हो रहे महिला शोषण की जानकारी सार्वजनिक करने पर उन्हें तुरंत पार्टी से निकाल दिया गया। अदालत में सिमी रोजबेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सिद्धांतवादी व्यक्तियों के लिए कोई जगह नहीं है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर ने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसकी नेत्री प्रियंका गांधी ने कहा था कि "लड़की हूं, लड़ सकती हूं" और राहुल गांधी ने इस साल 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान बलात्कार और उत्पीड़न के मुद्दों की चर्चा की थी। जब केरल में उनकी अपनी पार्टी कांग्रेस के भीतर ही महिला नेत्रिओं और कार्यकताओं द्वारा उत्पीड़न की शिकायते की जाती हैं, तो राहुल गांधी इस पर कार्रवाई करने के बजाय चिंता जताने वालों को चुप कराने का प्रयास करते हैं। जबकि, केरल कांग्रेस के भीतर ही महिला नेताओं और कार्यकताओं द्वारा किए गए उत्पीड़न एवं शोषण की शिकायतों की लंबी फेहरिस्त है।

## विजय नायर की जमानत पर आम आदमी पार्टी ने जताई खुशी

नई दिल्ली, 02 सितंबर (हि.स.)। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने विजय नायर की जमानत पर खुशी जताई है। पार्टी ने आरोप लगाया कि अब धीरे-धीरे भाजपा की पूरी साजिश धराशायी हो रही है। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। आआपा ने विजय नायर पर सुप्रीम कोर्ट के जमानत देने को सत्य की जीत बताया है। मनीष सिसोदिया के बाद अब 23 महीने बाद विजय नायर को जमानत मिली है।

आआपा ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसकी केंद्र सरकार ने हमारे नेताओं के खिलाफ साजिश रची और उन पर फर्जी मामले लगाकर जेल में डाल दिया। लेकिन अब भाजपा की साजिशों का लगातार खुलासा हो रहा है। पहले सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत दी और अब विजय नायर को जमानत दे दी है।

विजय नायर को जमानत मिलने पर आआपा के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ह्वएक्सह्व पर कहा कि भाजपा के मनगढ़ंत शराब घोटाले की कहानी का एक और गुब्बारा आज फूट गया। बिना सबूत, बिना कोई बरामदगी हुए विजय नायर को 23 महीने जेल में रखा गया। इनका मकसद सिर्फ एक है कि अरविंद केजरीवाल को चुनावों में रोकना। उनकी पूरी टीम और उन्हें ईडी-सीबीआई से गिरफ्तार करवाकर जेल में रखो। देर लग सकती है लेकिन अंत में जीत तो सत्य की ही होती है।

आआपा के राष्ट्रीय महासचिव संगठन एवं सांसद डॉ. संदीप पाठक ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा के मनगढ़ंत शराब घोटाले का एक और भंडाफोड़ हुआ है। विजय नायर को बिना सबूत जेल में क्यों रखा गया? सिर्फ केजरीवाल को रोकने के लिए?

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ षड़यंत्र रचा और पार्टी के अनेक नेताओं को जेल में डाला। लेकिन मनीष सिसोदिया और विजय नायर को जमानत मिलने के बाद यह साबित हो जाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं हो सकता।

इसी क्रम में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ईडी मामले में पहले मनीष सिसोदिया को बेल मिली, फिर बीआरएस नेता के. कविता को बेल मिली और अब विजय नायर को भी सुप्रीम कोर्ट से बेल मिल गई है। यह पूरे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। केंद्र सरकार और उसकी ईडी-सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों की बड़ी हार है, जो अब लगातार सुप्रीम कोर्ट और पूरे देश के सामने बेनकाब होते जा रहे हैं।

## अग्रवाल समाज के मतदाताओं के नाम कटवाने के आरोप का मामला, समन के खिलाफ केजरीवाल की याचिका खारिज

नई दिल्ली, 02 सितंबर (हि.स.)। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भाजपा नेता राजीव बब्बर की ओर से अग्रवाल मतदाताओं के 'नाम कटवाने' का आरोप लगाने के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस अनूप कुमार मेंहदीरत्ता की बेंच ने ये फैसला सुनाया।

हाई कोर्ट ने 28 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट 28 फरवरी 2020 को इस मामले पर ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने 28 जनवरी, 2020 को अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के 4 नेताओं के खिलाफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की ओर से जारी समन के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी।

भाजपा नेता राजीव बब्बर ने कोर्ट में याचिका दायर कर चारों के खिलाफ दिल्ली में मतदाता सूची से अग्रवाल मतदाताओं के 'नाम कटवाने' का आरोप लगाने के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर की है। 16 जुलाई, 2019 को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने इस मामले में केजरीवाल को जमानत दी थी।


राजीव बब्बर ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर केजरीवाल ने लोगों को भाजपा के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया। दिल्ली में अग्रवाल समाज के लोगों का वोटर लिस्ट से नाम हटाने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के खिलाफ आपराधिक मानहानि की याचिका दायर की गई है। याचिका में केजरीवाल के अलावा आतिशी मलेर्ना, मनोज कुमार और सुशील कुमार गुप्ता को भी आरोपित बनाया गया है।




अग्रवाल समाज के लोगों के वोटर लिस्ट से नाम हटाने को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए थे। भाजपा पर निशाना साधते हुए आम आदमी पार्टी के नेताओं और खुद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली के कुल 8 लाख बनिए वोटरो में से 4 लाख के नाम क्यों कटवाए, जवाब दीजिए। भाजपा की नोटबंदी और जीएसटी जैसी गलत नीतियों की वजह से व्यापारियों के धंधे चौपट हो गए। इसलिए बनिए इस बार भाजपा को वोट नहीं दे रहे। तो क्या इसका मतलब आप उनके वोट कटवा दोगे? ऐसे जीतोगे?

## इजराइल में हमास की क्रूरता से गम और गुस्सा, नेतन्याहू पर बंधकों की रिहाई कराने में विफल रहने का आरोप

तेल अवीव, 02 सितंबर (हि.स.)। आतंकवादी समूह हमास के क्रूर पंजों में जकड़े छह इजराइली बंधकों की मौत से सारा देश गम और गुस्से में डूबा हुआ है। इन सभी बंधकों के शव



स्वदेश पहुंचने पर लोग फूट-फूटकर रो पड़े। लोगों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्ध को रोकने और बंधकों की घरवापसी के समझौते में विफलता का आरोप लगाया है। सरकार के खिलाफ देश में रविवार को दिनभर प्रदर्शन हुए। इजराइल के सबसे बड़े ट्रेड यूनियन फेडरेशन हिस्टाड्रट ने सरकार पर युद्ध विराम समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर दबाव डालने के लिए आज आम हड़ताल का आह्वान किया है।

उल्लेखनीय है कि इजराइल-हमास संघर्ष को अब एक साल होने वाला है। तनाव अभी भी बरकरार है। इजराइल के लोग युद्धविराम समझौता और हमास की कैद से लोगों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रविवार को प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प की भी सूचना है। तेल अवीव में कई जगह प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। लोगों ने पश्चिमी यरुशलम में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के आवास के बाहर भी प्रदर्शन किया। इस बीच बंधक और लापता परिवार फोरम ने कहा है कि उन सभी (बंधकों) को 11 महीने तक यातना, दुर्व्यवहार और भुखमरी झेलने के बाद हाल ही में मार दिया गया।

हमास की कैद में मारे गए बंधक कार्मेल गैट के चचेरे भाई गिल डिकमैन ने देश के नागरिकों से सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा है, ''सड़कों पर उतरें और गाजा से सब के (बाकी बंधकों) वापस आने तक देश में सब कुछ बंद रखें। उन्हें अब भी बचाया जा सकता है।''

सनद रहे, इस युद्ध में हजारों लोग काल कलवित हुए हैं। ऐसा कहा जाता है कि इजराइल के गाजा पर किए गए हमले में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोगों की मौत चुकी है। 94 हजार से अधिक लोग घायल हैं। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने इजराइल पर हमलाकर रक्तपात किया था।

इस हमले में 1,139 इजराइली नागरिक मारे गए थे। इस दौरान हमास के आतंकी 250 लोगों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए थे।

## डॉट ने दूरसंचार कोष डिजिटल भारत निधि के उपयोग के लिए नियम किए अधिसूचित

नई दिल ली, 02 सितंबर (हि.स.)। दूरसंचार विभाग (डॉट) ने सोमवार को नए नियमों को अधिसूचित किया है, जिसके अनुसार डिजिटल भारत निधि (जिसे पहले यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड कहा जाता था) से धन का आवंटन कनेक्टिविटी में सुधार के लिए किया जाएगा।

दूरसंचार विभाग ने जारी एक बयान में कहा कि डॉट ने ह्वदूरसंचार (डिजिटल भारत निधि का प्रशासन) नियम, 2024ह्व अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य दूरसंचार अधिनियम, 2023 की धारा 24 (1) के तहत स्थापित डिजिटल भारत निधि पहल के प्रबंधन और कार्यान्वयन को बढ़ाना है। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक डिजिटल भारत निधि से वंचित और दूरदराज के क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं में सुधार लाने तथा समाज के वंचित समूहों जैसे महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों और आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए परियोजनाओं को वित्तपोषित किया जाएगा।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने जारी एक बयान में कहा कि नए नियम डिजिटल कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने और समाज के सभी वर्गों में दूरसंचार सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। सिंधिया ने कहा कि ह्लडिजिटल रूप से जुड़े भारत और आत्मनिर्भर दूरसंचार क्षेत्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़नाह्व है।

मंत्री ने कहा कि यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि टेलीकॉम अधिनियम 2023 के पहले नियम, 'डिजिटल भारत निधि' अब प्रभावी हो गए हैं। यह हमारे द्वारा टेलीकॉम सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने और 2047 तक विकसित भारत के मिशन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।"

उल लेखनीय है कि दूरसंचार अधिनियम, 2023 को संसद ने दिसंबर 2023 में पारित किया था, इसे 24 दिसंबर 2023 को भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली और उसी दिन इसे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया गया था। डिजिटल भारत निधि के तहत वित्त पोषित योजनाओं और परियोजनाओं को नियमों में निर्दिष्ट एक या अधिक मानदंडों को पूरा करना होगा। इनमें दूरसंचार सेवाओं, जिसमें मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवाएं और दूरसंचार उपकरण शामिल हैं।

## सम्पादकीय

# दिव्यांग बेटियों के इतिहास

इस बार देश की दिव्यांग बेटियों ने भी चैम्पियन और पदकवीर बनकर भारत को गौरवान्वित किया है। अजीब संयोग है कि ओलंपिक में मनु भाकर ने पदक जीत कर भारत का खाता खोला था और पैरालंपिक में भी अवनि लेखरा ने स्वर्ण पदक जीत कर इस सिलसिले को स्वर्णिम बना दिया। दोनों ही खिलाड़ी निशानेबाज हैं। पैरालंपिक में दिव्यांग बेटियों का शारीरिक आधा-अधूरापन, उनकी असहायता, असमर्थता और अपाहिज होने की स्थिति भी उनके खेल-हुनर को बांध नहीं सकीं और पेरिस पैरालंपिक में भी बेटियां पदकवीर बनीं। राजस्थान की अवनि लेखरा ने तो इतिहास ही रच दिया, जब टोक्यो के बाद पेरिस पैरालंपिक में भी उन्होंने निशानेबाजी का स्वर्ण पदक हासिल किया। अभी तो प्रतियोगिताएं शेष हैं। इस बार अवनि का लक्ष्य है कि "गोल्डन हैट्रिक" जीत कर ही वह घर लौटेंगी। उन्होंने अपने पापा से यह वायदा किया है। यह असाध्य भी नहीं है, क्योंकि टोक्यो पैरालंपिक में अवनि ने दो स्वर्ण पदक समेत तीन पदक जीते थे। यदि वह अपने लक्ष्य में कामयाब हो जाती हैं, तो भारत और एशिया की प्रथम दिव्यांग महिला निशानेबाज होंगी। निशानेबाजी में ही, राजस्थान की ही, मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीत कर एक और मील-पत्थर स्थापित किया है। आज मोना 37 वर्षीय और दो बच्चों की मां हैं, लेकिन उन्हें वह लम्हा आज भी याद है, जब उन्होंने घर छोड़ा था, क्योंकि उन पर शादी का दबाव बनाया जा रहा था। मोना को 2016 से पहले तक यह भी नहीं पता था कि पैरालंपिक खेल भी होते हैं। निशानेबाजी में मात्र 3 साल के अनुभव ने ही उन्हें पैरालंपिक पदकवीर बना दिया। कभी कल्पना की जा सकती थी कि दिव्यांग, धावक बेटी 100 मीटर की दौड़ में हिस्सा लेगी और पैरालंपिक में कांस्य पदक विजेता बनेगी? कमोबेश हमने तो ऐसी कल्पना नहीं की थी, लेकिन मेरठ की प्रीति पाल ने यह लक्ष्य हासिल कर "अभूतपूर्व कारनामा" करके दिखा दिया। पिता ने दूध बेचकर और अपना सर्वस्व दांव पर लगाकर दिव्यांग बेटी को पैरालंपिक पदकवीर बनाकर तमाम विरोधाभासों को खारिज कर दिया। निशानेबाजी में ही रुबीना फ्रांसिस के खेल को विस्मृत नहीं कर सकते। उन्होंने भी कांस्य पदक हासिल किया। इन बेटियों को सलाम! शाबाश! सोचिए, किसी दुर्घटना में बेटी अपाहिज हो गई। किसी को प्रकृति ने ही विकलांग जन्म दिया। किसी को बीमारी ने आधा-अधूरा कर दिया।

किसी का निचला हिस्सा बिलकुल निष्क्रिय है, किसी की टांगें नहीं रहीं, किसी की एक बाजू और पांव टेढ़ा है, किसी को कृत्रिम अंग लगवाने पड़े हैं। कितनी तकलीफ, कितनी यंत्रणा और कितने तनाव से गुजरी होंगी ये खिलाड़ी बेटियां! उसके बावजूद ये सफलताएं अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर हासिल की हैं। वाह! देश की चैम्पियन बेटियो! यहां हमें जम्मू-कश्मीर की 17-18 वर्षीय शीतल देवी की याद आती है, जो मुंह और पांव की अंगुलियों से प्रत्यंचा खींच कर तीरंदाजी करती हैं। ऐसा करते हुए उन्होंने 703 का स्कोर बनाया था और 698 के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। यह दीगर है कि खेल के दौरान ही उनका विश्व रिकॉर्ड एक अंक से टूट गया। बेशक शीतल पदकवीर नहीं बन पाईं और एक अंक से पिछड़ गईं, लेकिन उनकी सटीक तीरंदाजी को देख कर लगता है मानो उनके भीतर कोई दैवीय शक्ति विराजमान हो! ये सभी बेटियां पदकवीर खिलाड़ी तो बन चुकी हैं, लेकिन जिंदा इतिहास भी हैं। इतिहास की शिलालेख भी हैं। इन खिलाड़ियों ने अनथक परिश्रम किया है, संघर्षों से गुजरी हैं, आर्थिक स्थितियां भी अच्छी नहीं थीं, फिर भी भारत का "तिरंगा" लहराया है और पैरालंपिक के दौरान "जन गण" भी गूंजा है। ये कम उपलब्धियां नहीं हैं। बेशक सरकार इन खिलाड़ियों को आर्थिक मदद दे रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण दिलाए हैं, फिर भी प्रतिभा तो खिलाड़ियों की है, जो नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। अब भी भारत पैरालंपिक में 20वें स्थान पर है। अभी तो बैडमिंटन, भाला फेंक और अन्य प्रतियोगिताओं में पदक निश्चित लग रहे हैं, फिर भी सर्वश्रेष्ठता की श्रेणी में आने के लिए हमें ऐसी ही बेटियों के चयन करने पड़ेंगे और खेल को "एकलव्य-सा" लक्ष्य बनाना होगा। पैरालंपिक में भारत की बेटियां जिस तरह से जलवा बिखेर रही हैं, वह वाकई कबिले तारीफ है। हौसलों की उड़ान पर सवार इन बेटियों ने अपनी वीरता से भारतीय झंडे का मान और बढ़ा दिया है। इन खिलाड़ियों का जज्बा और हौसला देखकर ये कहना बिलकुल भी गलत नहीं है कि परों से नहीं, हौसलों से उड़ान होती है। ये उदाहरण उन लोगों के लिए मोटिवेशन का काम करेंगे जो बात-बात में निराश हो जाते हैं। इन बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि मन में अगर जीतने का जज्बा हो तो कुछ भी मुश्किल नहीं है।

# जमात-ए-इस्लामी सदस्यों के कश्मीर चुनाव में उतरने के मायने

रमेश शर्मा

यह बांग्लादेश के घटनाक्रम का उत्साह हो अथवा कश्मीर में कट्टरपंथी मानसिकता से काम करने वालों की रणनीति कि प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के पाँच सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिये निर्दलीय उम्मीदवार के रूप से नामांकन पत्र भर दिया है। इससे कश्मीर घाटी का राजनैतिक और सामाजिक वातावरण गरमा गया है। कश्मीरी राजनेताओं की शब्द शैली भी बदली है और मस्जिदों में तकरीरें भी बढ़ीं हैं।

जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव से एक चौंकाने वाली खबर आई है। प्रतिबंधित जमायत-ए-इस्लामी के पाँच पूर्व पदाधिकारियों ने निर्दलीय रूप से अपनी उम्मीदवारी घोषित कर दी है। इस संगठन ने 1987 के बाद से किसी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। 1993 से 2003 के बीच हुये हर चुनाव को "हराम" बताकर बहिष्कार की अपील की थी लेकिन जमात ने इस बार अपनी रणनीति में बदलाव किया है। जमायत-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध है। जमात से जुड़े कार्यकर्ता अपने बैनर से चुनाव नहीं लड़ सकते इसलिये वे निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में आये हैं। अभी पाँच सदस्यों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। संभावना है कि घाटी की कुछ और सीटों पर जमात से जुड़े कार्यकर्त्ता अपने नामांकन भर सकते हैं। जिन पाँच सदस्यों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये उनकी शैली कुछ ऐसी थी, जिससे लगता है कि ये पाँचों लोग किसी रणनीति के अंतर्गत ही नामांकन पत्र प्रस्तुत करने आये। इन सभी ने एक ही दिन अपने निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रस्तुत किये। दूसरा, सभी ने कार्यकताओं का एक अच्छा समूह एकत्र किया और मीडिया को खबर देकर बात भी की। सबकी बातचीत के विषय अलग थे पर संदेश एक ही था।

जमात जुड़े जिन लोगों ने पर्चे दाखिल किये उनमें तलत मजीद ने पुलवामा निर्वाचन क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी घोषित की। मजीद ने मीडिया से कहा कि "देश और दुनियाँ की राजनीति में बदलाव आया है, यह बदलते वक्त की जरूरत है कि हम चुनाव लड़ रहे हैं।" मजीद ने कहा कि "मैं 2014 से जिस एजेण्डे पर काम कर रहा हूँ आज भी उसपर कायम हूँ।" मजीद ने एक बड़े आँदोलन आरंभ करने की घोषणा भी की। तलत मजीद कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी का प्रमुख रहा है। इस संगठन में प्रमुख को "अमीर" कहा जाता है। जमात के एक अन्य प्रमुख कार्यकर्ता नजीर अहमद ने दिवसर सीट से नामांकन प्रस्तुत किया और एक अन्य कार्यकर्ता एजाज अहमद ने जैनपोरा से दावेदारी प्रस्तुत की है। जमात के पदाधिकारी रहे सर्जन बरकती की बेटी सुगरा बरकती ने भी अपना नामांकन पत्र भरा। सर्जन बरकती की पहचान अलगाववादी कट्टरपंथी के रूप में रही है। वह आतंकवादियों को फंडिग के आरोप में अभी जेल में है। सर्जन बरकती की बेटी सुगरा बरकती ने अपना नामांकन प्रस्तुत करते हुये मीडिया से कहा कि वे अपने पिता की ओर से नामांकन भर रहीं हैं। जमात के एक और पूर्व नेता सायर अहमद रेशी ने पुलगाम विधानसभा से नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। रेशी ने कहा कि वे "कश्मीरियत" के लिये चुनाव लड़ रहे हैं। रैशी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अंतरात्मा की आवाज के आधार पर मतदान करें।

कश्मीर की मस्जिदों और मदरसों के रूप में जमायत-ए-इस्लामी का एक बड़ा नेटवर्क है। कश्मीर की जिन मस्जिदों से कट्टरपंथ के प्रचार की खबरें आती हैं अथवा जिन मदरसों में आतंकवादी तैयार होने की खबरें आती है, वे जमायत-ए-इस्लामी के प्रभाव वाले क्षेत्र माने जाते हैं। पाकिस्तान के कुछ आतंकवादी संगठनों से संपर्क होने के आरोप भी इस संगठन पर लगे हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कुछ लोग गिरफ्तार हुये और लगभग तीन सौ लोगों को नजरबंद किया गया था लेकिन धीरे-धीरे कुछ लोग रिहा हुये और कुछ से नजरबंदी हटाई गई। इसी साल फरवरी माह में यह प्रतिबंध पाँच साल के लिये और बढ़ा दिया गया है।

कश्मीर के इस चुनाव में जमात-ए-इस्लामी से जुड़े पाँच लोगों के नामांकन आते ही कश्मीर के सामाजिक और राजनीतिक वातावरण में हलचल तेज हो गई है ।

नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय मजीद और सुगरा के वक्तव्य से स्पष्ट है कि जमात कश्मीर में बड़े राजनैतिक आँदोलन की तैयारी कर रही है। कश्मीर में पनप रहे अलगाववाद और कट्टरपंथ के पीछे भी इस संगठन के कुछ कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस संगठन के राजनैतिक अभियान का उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता प्राप्त करने तक सीमित नहीं होते। वे सामाजिक कट्टरवाद से भी भरे होते हैं। भारत का इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा है। हाल ही बांग्लादेश के घटनाक्रम में भी इसकी झलक मिलती है। बांग्लादेश में छात्र आँदोलन आरक्षण के विरुद्ध था लेकिन यह कब सत्ता परिवर्तन की ओर मुड़ गया, किसी को पता न चला। वह हिंसा केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित न रही। पूरे बांग्लादेश में एक साथ हिन्दुओं के घरों पर हमले हुये। हत्याएँ हुई, घर तोड़े गये, संपत्ति लूटी गई। कई उन छात्रों को भी मार डाला गया जो आँदोलन का हिस्सा थे। यह माना गया है कि उस कथित छात्र आँदोलन के पीछे जमात-ए-इस्लामी का हाथ था। इस संगठन पर वहाँ भी प्रतिबंध था लेकिन नई सरकार ने आते ही यह प्रतिबंध हटा लिया है।

जमात-ए-इस्लामी की स्थापना 1941 में हुई थी। तब इस संगठन ने भारत में "खुदा के आदेश" की सत्ता स्थापित करने की घोषणा के साथ अपना कार्य आरंभ किया था। यह संस्था भारत विभाजन के विरुद्ध थी और पूरे भारत में "शरियत के अनुसार" शासन स्थापित करने की पक्षधर थी। भारत विभाजन के बाद जमात का भी विभाजन हुआ और अप्रैल 1948 में भारत और पाकिस्तान दोनों देशों में अलग-अलग इकाइयाँ बनीं। जमात की पाकिस्तान इकाई ने अभियान चलाया कि राजनीति और प्रशासन दोनों में शरीयत के अनुसार काम हो। 1971 में बांग्लादेश मुक्ति आँदोलन आरंभ हुआ। जमात-ए-इस्लामी ने इसका भी विरोध किया। वह पाकिस्तान समर्थक थी। इसलिए बांग्लादेश में हुये ताजा सत्ता परिवर्तन को जमात-ए-इस्लामी ने आजादी का दिन कहा।

भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में जमात की इस कार्यशैली को देखते हुये ही कश्मीर के वातावरण में गर्माहट आ गई है। कल तक जिस संगठन के जो लोग चुनाव को "हराम" बताते थे वे अब स्वयं चुनाव मैदान में हैं। और कोई बड़ा आँदोलन आरंभ करने की घोषणा कर रहे हैं। जमात से जुड़े सदस्यों का पूरी तैयारी के साथ इस प्रकार चुनाव मैदान में आना कश्मीर के अलगावादी कट्टरपंथियों की रणनीति का दूसरा चरण माना जा रहा है, जिसमें बांग्लादेश के घटनाक्रम से उत्साह आया। हाल ही संपन्न हुये लोकसभा चुनाव में कश्मीर का एक कट्टरपंथी इंजीनियर राशिद जेल में रहकर कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से दो लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीत चुका है। राशिद पर पाकिस्तानी आतंकवादियों से संपर्क और अलगाववाद फैलाने का आरोप है। वह पहली बार 2005 में गिरफ्तार हुआ था। कुछ दिनों में रिहा हो गया था। उसने तिहाड़ जेल में रहते हुये लोकसभा चुनाव जीत लिया। अब माना जा रहा है कि इस परिणाम से प्रभावित होकर कश्मीर के कट्टरपंथी विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिये मैदान में आये हैं। वहीं, बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के लिये जिस तरह छात्र आँदोलन से रास्ता बनाया गया, हो सकता है उसी से उत्साहित होकर मजीद ने कश्मीर में बड़े आँदोलन की घोषणा की है।

आने वाले दिनों में क्या तस्वीर बनेगी यह विधानसभा चुनाव के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा लेकिन इन पाँचों उम्मीदवारों के मैदान में आने से कश्मीर के राजनैतिक और सामाजिक दोनों वातावरण में हलचल बढ़ गई है। कश्मीर की प्रमुख राजनेता महबूबा मुफ्ती ने सीधे-सीधे जमात-ए-इस्लामी से प्रतिबंध हटाने की माँग की है। वहीं, दूसरे प्रमुख नेता उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंध हटाने की बात तो कहीं लेकिन एक व्यंग्य भी जोड़ा "पहले चुनाव हराम था अब हलाल हो गया।" इसी के साथ इस शुक्रवार को इन पाँचों निर्वाचन क्षेत्र की कुछ मस्जिदों में तकरीरे भी हुई।

हालाँकि इन तकरीरों में राजनीतिक बात नहीं हुई पर इनमें "दीन से जुड़ने" का आह्वान था। मीडिया की खबरों में इन तकरीरों को जमात की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यह संभावना भी जताई कि महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला की पार्टियाँ यदि कुछ सीटों पर जमात के उम्मीदवारों के लिये विधानसभा पहुँचने का मार्ग बना दें तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 01 अक्टूबर को मतदान होगा और 4 अक्टूबर को मतों की गिनती होगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

वृष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

मिथुन : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

कर्क : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें, व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

सिंह : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

कन्या : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

धनु : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

मकर : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

कुंभ : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

मीन : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

# यौन दुष्कर्म के मामले और राष्ट्रपति की चिंता

डॉ. विशेष गुप्ता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर की अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शर्मनाक घटना पर राष्ट्रपति की पीड़ा ध्यान देने योग्य है। उन्होंने बहुत दर्द भरे शब्दों में कहा कि मैं निराश और भयभीत हूं। 09 अगस्त को कोलकाता में हुई इस दर्दनाक घटना के बाद उनका यह पहला बयान है। उन्होंने स्पष्ट लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं देता। देश के साथ-साथ उन्होंने भी आक्रोशित होते हुए कहा कि जिस समय छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे थे, ऐसे समय भी यौन पिपासु लोग अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए थे। उन्होंने दिसम्बर 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ बच्चों ने मुझसे बड़ी मासूमियत से इस घटना के बारे में पूछा, मगर क्या उन्हें ऐसी घटना आगे घटित न होने का भरोसा दिया जा सकता है। निश्चित ही इस समय महिला उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर समाज को ईमानदार और निष्पक्ष रहकर आत्ममूल्यांकन करने की महती आवश्यकता है।

राष्ट्रपति महोदया के बयान के आलोक में यदि महिला उत्पीड़न से जुड़ी हालिया घटनाओं का मूल्यांकन करें तो ज्ञात होता है कि अभी हाल ही में कोलकाता में डॉक्टर के साथ किए गए यौन व्यभिचार से देशभर में फैले आक्रोश और प्रदर्शनों के बीच विधायिका की बदरंग तस्वीर भी सामने आयी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ओर से जारी हालिया रिपोर्ट में 16 वर्तमान सांसदों और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध में मुकदमें दर्ज हैं। इतना ही नहीं बल्कि दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। खास बात यह है कि बंगाल के जनप्रतिनिधि ऐसे मामलों का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। उधर, हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद केरल के फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण का मामला आजकल चरम पर है। बदलापुर, महाराष्ट्र में अबोध बच्चियों का त्रासद प्रकरण, असम में 14 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं तो हमारी आंखों के सामने ही हैं। इनके अलावा प्रतिदिन समाचार पत्रों में यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसी घटनाओं की बड़ी संख्या से गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति महोदया की महिला उत्पीड़न को लेकर यह पीड़ा अनायास ही नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं।

कहना न होगा कि आज देश और प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों में मासूम लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है। लगता है, निर्भया यौन उत्पीड़न की घटना के बाद समाज की सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। यही वजह है कि देश में यौन हिंसा की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियायें सामने आ रही हैं। इतना ही नहीं ऐसी घटनाओं को रोकने के सभी उपाय निष्फल होते दिख रहे हैं। देश-विदेश के स्तर पर जो भी रिपोर्ट सामने आ रही है, उनमें भी यौन हिंसा के बढ़ते ग्राफ को लेकर चिंता साफ झलक रही है। कहना न होगा कि बलात्कार जैसी घिनौनी वारदातों से न केवल देश बल्कि विदेशों तक में अपनी साख को बट्टा लग रहा है। देश में ऐसी घटनाओं का लगातार बढ़ना निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है।

यौन उत्पीड़न की अधिकांश घटनाएं आज कानूनविदों और समाजशास्त्रियों को नए सिरे से सोचने को मजबूर कर रही हैं। इस संदर्भ से जुड़े कुछ और आंकड़े खुलासा करते हैं कि भारत में यौन उत्पीड़न के मामले में लगभग 93 फीसदी दोषी पीड़िता के ही परिचित होते हैं।

इन आंकड़ों की तकलीफ देय तस्वीर यह है कि 31 फीसदी यौन हिंसा और छेड़खानी में पीड़ित लड़कियों की उम्र 14 साल से भी कम रही है। मामला चाहे महिला छेड़छाड़ का हो अथवा यौन हिंसा का, इन सभी घटनाओं को अब किसी एक सामाजिक पैमाने से नहीं मापा जा सकता। आज इसके गहन अध्ययन के लिए एक बहुआयामी वस्तुनिष्ठ मापनियों की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन फिर भी लगातार बढ़ती यौन हिंसा की इन घटनाओं पर कम से कम एक हालिया सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दृष्टिपात करना जरूरी हो जाता है।

इसमें कोई शक नहीं कि सूचना तकनीक ने आज की दुनिया में खलबली मचा दी है। गांवों से लेकर महानगरों तक मोबाइल और इंटरनेट ने बच्चों, युवाओं और महिलाओं के बीच अपना पूरा दखल बना लिया है। असल स्थिति यह है कि आप सड़क के किनारे तक से सस्ते से सस्ता इंटरनेट सिम खरीद कर पूरी दुनिया की अच्छी-बुरी सैर कर सकते हैं। यहां तक कि प्रचुर मात्रा में पोर्न साहित्य तक भी इन्हीं सिम में कैद है। कोलकाता से जुड़ी घटना में अभियुक्त भी इस पोर्न का ही आदी पाया गया है। दूसरी ओर संयुक्त परिवार के टूटने और छोटे परिवारों में मां-बाप और बच्चों के बीच बढ़ती दूरी और संवादहीनता ने टीनएजर्स के बीच सोशल मीड़िया के रुप में संवाद का एक नया नेटीजन पीयर ग्रुप पैदा कर दिया है। ध्यान रहे यह नेटीजन समूह ही उनके हर तरीके के सुख-दुख और अच्छे बुरे में पूरी तरह हमसाज है। मां-बाप को इस सच्चाई को समझने की फुर्सत ही नहीं है कि पोर्न उनके बच्चों के बेडरूम तक पहुंच गया है। उल्टे वे इस सच्चाई से दूर भाग रहे हैं। सच तो यह है कि पोर्न का प्रभाव ही यौन सबंधों के ढांचे को नई यौन प्रयोगशाला में रूपान्तरित कर रहा है। बढ़ते यौन आवेग के पीछे कहीं न कहीं इस मुद्दे को भी समाहित करना समीचीन होगा।

दूसरी ओर इस संदर्भ में यह भी देखने में आ रहा है कि आज सबसे अधिक हिंसा उन लड़के-लड़कियों पर हो रही है, जो या तो घर से बाहर रह रहे हैं अथवा वे समाज के कमजोर सामाजिक-आर्थिक वर्ग से आते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 16 दिसम्बर को दिल्ली में हुए निर्भया काण्ड के पश्चात बलात्कार के दोषियों के प्रति कानून की सख्ती हुई है। इसके बाद भी बालिग के साथ-साथ कहीं-कहीं नाबालिग अपराधी तक अब बलात्कार के बाद पीड़िता की हत्या करके सबूत मिटाने पर आमादा हैं। सबसे दुखद यह है कि यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों में राजनीति और कानून से जुड़े पुरोधाओं के गैर जिम्मेदाराना बयानों ने भी इन व्यभिचारियों के हौसले बुलंद किये हुए हैं।

कड़वा सच यह है कि यौन दुष्कृत्यों से जुड़ी इन सभी घटनाओं के पीछे छिपा वह सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण भी है, जिसे हमने अपनी खुली बाजारू अर्थव्यवस्था तथा जाति-धर्म पर आधारित सामाजिक वैमनस्य और दबंगई की राजनीति से तैयार किया है। विचारहीन व्यवहार से जुड़ी इस संक्रमित संस्कृति में आज सामाजिक संवेदना, दूसरे के प्रति सम्मान, करुणा और सहानुभूति जैसे मूल्यों के साथ में बहन-बेटी जैसे रिश्तों के सम्मान की कोई जगह बची ही नहीं है। आज इस बाजारू संस्कृति की आग में मनुष्य का मनुष्यत्व, आदमी की आदमीयता और पुरुष के पुरुषार्थ झुलस रहे हैं।

ऐसे में विषैली मानसिकता का प्रस्फुटन होना स्वभाविक ही है। इसलिए हमें समय रहते उन सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दशाओं का विश्लेषण भी करना चाहिए, जो लोगों को बलात्कारी बनाती हैं। साथ ही स्त्री और पुरुष देह से जुड़ी उन सामाजिक मान्यताओं और पुलिस व कानून की कमजोर व्यवस्थाओं का भी मूल्यांकन करना पड़ेगा।

यदि असलियत में हमें यह चिन्ता है कि किसी भी महिला अथवा पुरुष पर बलात हिंसा और यौन आक्रमण न हो तो हमें शाब्दिक वाचालता, चपलता और यौन हिंसा की घटनाओं से जुड़ी त्वरित टिप्पणी के खोल से बाहर आकर बलात्कार से जुड़े उन मूल सवालों से टकराना पड़ेगा, जो इस प्रकार की घटनाओं से उभर रहे हैं। साथ ही एक स्वस्थ एवम् स्त्री सशक्तता से जुड़े समाज की पुनर्स्थापना भी करनी पड़ेगी। तभी महिला की देह को सुरक्षा कवच मिल पायेगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# मुरादाबाद देहात क्षेत्र जमीन के सर्किल रेट में 10 फीसदी की बढ़ोतरी

मुरादाबाद, 02 सितम्बर (हि.स.)। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह के निर्देश पर मुरादाबाद के देहात क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जमीन सोमवार से नई दरें लागू हो गई। आज से सर्किल रेट में 5 से 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि नगर निगम क्षेत्र में जमीन के सर्किल रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।एआईजी स्टाम्प अनिल कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार नगर क्षेत्र के सर्किल रेट को पिछले साल की तरह ही रखा गया है। देहात क्षेत्र में विभिन्न मार्गों के अनुसार सर्किल रेट को आज से बढ़ाया गया है। सर्किल रेट की नई दरें एक सितंबर से होंगी लागू होगी। जिला प्रशासन ने पिछले साल की तुलना में शहरी क्षेत्र में करीब 25 प्रतिशत तक सर्किल रेट बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया था। इस मामले में आम लोगों की 42 आपत्तियां आई थीं। आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद डीएम ने नगर निगम क्षेत्र में सर्किल रेट की दरें बनाने को मंजूरी नहीं दी। देहात क्षेत्र में सर्किल रेट बढ़ने से जमीन खरीदना महंगा पड़ेगा।

# स्कूल गेट बंद देख घर लौट रहे छात्र पर गुलदार ने किया हमला

बिजनौर, 02 सितंबर (हि.स.)। स्कूल से घर लौट रहे साइकिल सवार छात्र पर गुलदार ने हमला कर कर दिया। इस दौरान अचानक एक ट्रैक्टर ट्राली आ गई और उस सवार लोगों के शोर मचाने पर गुलदार भाग गया। आनन-फानन में गम्भीर रूप से घायल छात्र को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया।

धनौरी ग्राम निवासी ज्ञान प्रकाश पुत्र गंगाराम नगर के राजा हरबंस सिंह इन्टर कालेज में दसवीं कक्षा का छात्र है। रोजाना की तरह सोमवार को छात्र ज्ञान प्रकाश अपने स्कूल पढ़ने गया था। देर हो जाने के कारण स्कूल का गेट बंद हो गया था।

मजबूरन छात्र अपनी साइकिल पर सवार होकर अपने घर को वापस लौट रहा था। जैसे ही छात्र की साइकिल रजनीश प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज से आगे पहुंची तभी सड़क किनारे से घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। इसी दौरान अचानक अम्हेड़ा की ओर से आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली पर सवार लोगों ने छात्र पर गुलदार का हमला देख शोर मचा दिया, जिससे वह खेतों की ओर भाग गया। लोगों ने घायल छात्र को उपचार हेतु सीएचसी पहुंचाया तथा उसर के परिजनों को घटना की सूचना दी। छात्र के पैर की पिंडली को गुलदार ने अपने मुंह में भर लिया था और शरीर के अन्य स्थानों पर भी पंजे मारकर घायल कर दिया। गनीमत रही कि भाग्य से अचानक मौके पर ट्रैक्टर ट्राली सवार लोग आ गए, जिससे छात्र की जान बच गई। खास बात यह है कि इस खस्ताहाल मार्ग पर दर्जनों गांवों के लोगों का काफी आवागमन है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों जनपद में गुलदार का आतंक जोरों पर है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का आना जाना भारी पड़ रहा है। इस मार्ग पर पूर्व में भी गुलदार के हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

घटना से लोगों दहशत व्याप्त है। इस घटना का जिक्र वन्यजीव द्वारा मानव जीवन पर मिटिंग लेने बिजनौर आये वन राज्य मंत्री के सामने भी किया जा चुका है।

# अरहर फसल को सुरक्षित करने को नीम की पत्ती का घोल बनाकर करें छिड़काव : डॉ. किशोर

कानपुर,02 सितम्बर (हि.स.)। अरहर फसल को सूंडी कीड से बचाने के लिए जैव रसायन का छिड़काव करे। जिससे पैदावार अच्छी होगी और किसान भाइयों को कम लागत में अधिक लाभ मिलेगा। यह जानकारी सोमवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के थरियांव स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ जगदीश किशोर ने दी।

उन्होंने बताया कि अरहर फसल में लगने वाले सुंडी कीट के प्रबंधन करने के लिए किसानों को यह सलाह दी जाती है कि जैव रसायन का प्रयोग करें जिससे खेती में रासायनिक दवाओं का प्रयोग कम किया जा सके और मानव जीवन सुरक्षित हो सके।

डॉक्टर किशोर ने केंद्र पर अरहर फसल का भ्रमण करने आई महिला कृषक रंजना राजपूत और प्रगतिशील किसान शिवकुमार को प्रक्षेत्र पर लगी अरहर की फसल का भ्रमण कर सुंडी कीट के प्रबंधन हेतु जानकारी दी।

उन्होंने कृषकों को बताया कि अरहर फसल को जैव रसायन जैसे नीम की निंबोली का 5 मिलीलीटर एक लीटर पानी में घोलकर या नीम की पत्ती को पीसकर 50 मिलीलीटर एक लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से सुंडी कीट पर काबू पाया जा सकता है।

उन्होंने रासायनिक नियंत्रण के लिए इमामेक्टीन बेंजोएट 5 प्रतिशत एसजी की 100 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के हिसाब से छिड़काव करने की भी सलाह दी।



# जमीन कब्जा करने के मामले में फरार पचास हजार का इनामी गिरफ्तार

कानपुर,02 सितम्बर (हि.स.)। करोड़ों की जमीन कब्जा करने के मामले में फरार चल रहे पचास हजार के इनामी विक्की चार्ल्स को कोतवाली एवं बादशाही नाके की संयुक्त पुलिस टीम ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। यह वारदात की दिन अवनीश दीक्षित के साथ ही कब्जा करते समय मौजूद था।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित बजरिया थाना क्षेत्र में हीरालाल का हाता बकरा मंडी निवासी विसेंट विक्रम उर्फ विक्की चार्ल्स पुत्र जॉनसन चार्ल्स उर्फ बाबा है। कोतवाली थाने में नजूल की जमीन पर अवैध कब्जा करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित के साथ यह भी नामजद अभियुक्त है। वारदात के दिन अवनीश दीक्षित के साथ विक्की चार्ल्स पूरे समय मौजूद रहा। मुकदमा दर्ज होने के बाद से यह फरार हो गया। इसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई थीं। वर्तमान में इस पर पचास हजार का इनाम घोषित था। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में दूसरे जनपदों में भी लगी हुई थीं। रविवार की रात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला और बादशाही नाका थाने की पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि वह अपने किसी परिचित से मिलने के लिए सरसैया घाट पर पहुंचने वाला है।

इस सूचना पर पुलिस टीम पहुंची और उसे गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।




# कानपुरः पुलिस मुठभेड़ में पच्चीस हजार का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल

कानपुर, 02 सितंबर (हि.स.)। पनकी थाना क्षेत्र अंतर्गत शताब्दी नगर के पास सोमवार की भोर में पुलिस की एक शातिर अपराधी से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई के दौरान मोटर साइकिल सवार हो गया। गोली से घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस एवं खोखा और कुछ जेवरात बरामद किए हैं।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गोली से घायल बदमाश पनकी थाना क्षेत्र के डूडा कालोनी रतनपुर निवासी अनमोल सिंह (22) है। उसके खिलाफ पनकी, नजीराबाद, गोविन्द नगर, नौबस्ता में लूट, छिनैती समेत 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

डीसीपी पश्चिम ने बताया कि आठ अगस्त को बांके बिहारी ज्वैलर्स में हुई लाखों की चोरी मामले में वांछित अभियुक्तों की तलाश में रविवार देर रात पनकी थाना प्रभारी निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह अपने हमराहियों के साथ संदिग्ध अपराधियों की तलाश में लगे हुए थे। सोमवार भोर में शताब्दी नगर के पास एक संदिग्ध मोटर साइकिल से जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने लगा।

यह देखते ही पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाश का पीछा किया। हालांकि इस दौरान बदमाश अनमोल सिंह पुलिस की गोली से घायल हो गया। पुलिस ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। उसके कब्जे से पीले एवं सफेद धातु के जेवरात बरामद किए। इतना ही नहीं पुलिस टीम को उसके पास से 1500 रुपये नकद मिला है। उस पर पच्चीस हजार का इनाम घोषित है।



पच्चीस हजार का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल

# फिल्म में काम दिलाने के नाम पर महिला से दुष्कर्म, दो आरोपित हिरासत में

लखनऊ, 02 सितम्बर (हि.स.)। चिनहट थाना क्षेत्र में एक महिला को फिल्म में काम दिलाने के बहाने सामूहिक दुष्कर्म का मामला सोमवार को समाने आया है। इस मामले में पीड़ित की ओर से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।

प्रारम्भिक जानकारी के मुताबिक, मूलरूप से कानपुर की रहने वाली एक महिला की कुछ दिन पहले सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर चिनहट निवासी विपिन सिंह से दोस्ती हुई थी। उसने खुद को प्रापर्टी डीलर बताया था। फिल्म में काम दिलाने के बहाने विपिन ने उसे 28 अगस्त को लखनऊ के चिनहट स्थित मटियारी क्षेत्र में बने एक होटल में बुलाया। वहां पर पहले से उसका रिश्तेदार विनाम सिंह और सहयोगी हिमांशु मिले। चाय में नशीला पदार्थ देकर बेहोश करने पर उसके साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई।

आरोपित ने पीड़िता से उसे घर छोड़ने की बात कही। आरोप है कि चलती कार में भी उससे दुष्कर्म हुआ। होश में आने पर विपिन ने घटना के बारे में किसी को भी बताने से मना किया। गम्भीर हालत में जब वह कानपुर अपने घर पहुंची तो उसकी हालत देख परिजनों ने पूछताछ की, तब उसने पूरी घटना बताई। रविवार को पीड़ित परिवार ने आरोपितों के खिलाफ चिनहट थाना में मुकदमा दर्ज कराया। डीसीपी पूर्वी ने सोमवार को बताया कि इस घटना में दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# नैमिषारण्य में गोमती नदी किनारे नए घाट का निर्माण कराने जा रही योगी सरकार -सीतापुर

## जिले के अंतर्गत आने वाले नैमिष तीर्थ क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए एक नए घाट का जल्द होगा निर्माण

लखनऊ, 02 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार



सीतापुर जिले स्थित नैमिषारण्य धाम में पर्यटन विकास और गोमती नदी

किनारे स्थित घाटों के सौंदर्यीकरण पर विशेष रूप से फोकस कर रही है। 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि में विख्यात

नैमिष तीर्थ क्षेत्र वही पुण्य क्षेत्र है, जहां महर्षि वेदव्यास द्वारा 4 वेद, 6 शास्त्र, 18 पुराण, श्रीमद्भगवद्गीता, महाभारत महाकाव्य और श्री सत्यनारायण

व्रत कथा की रचना की गई थी।

नैमिषारण्य

का धार्मिक महत्व कितना ज्यादा है इसका पता इसी बात से चलता है कि चार धाम की

यात्रा भी नैमिषारण्य के दर्शन किए बिना अधूरी मानी जाती है। यही कारण है कि काशी, अयोध्या, मथुरा, वृन्दावन, ब्रज क्षेत्र तथा विंध्य तीर्थ क्षेत्र के विकास के साथ ही योगी सरकार अब नैमिषारण्य में भी कई परियोजनाओं को पूर्ण करने पर फोकस कर रही है। इसी क्रम में, नैमिषारण्य के विभिन्न घाटों के सौंदर्यीकरण व पर्यटन विकास की गतिविधियों को बढ़ाने के साथ ही अब गोमती नदी किनारे एक नए घाट का निर्माण कराने जा रही है।

यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इस कार्य का जिम्मा सौंपा गया है और माना जा रहा है कि वर्षा अवधि के अतिरिक्त 12 महीनों में इस कार्य को पूरा कर लिया

जाएगा।

–राजघाट

तथा दशाश्वमेध घाट के बीच होगा नए घाट का निर्माण

सरकार के

प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुसार प्रदेश के सभी तीर्थ

क्षेत्रों के विकास को लेकर एक बड़ी कार्ययोजना का निर्माण किया गया था। इसी

कार्ययोजना के अंतर्गत नैमिष तीर्थ क्षेत्र में नए घाट के निर्माण, पुराने घाटों के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण व पर्यटन विकास के कार्यों

को गति दी जाएगी। ऐसे में, परियोजना

के अंतर्गत जिस नए घाट का निर्माण नैमिष तीर्थ क्षेत्र में होना निश्चित हुआ है वह

राजघाट से दशाश्वमेध घाट के बीच स्थित होगा। –पक्के घाट का होगा निर्माण परियोजना के अंतर्गत, राजघाट से दशाश्वमेध घाट के बीच निर्धारित क्षेत्र में गोमती नदी किनारे पक्के घाट का निर्माण कराया जाएगा और पर्यटन विकास की सुविधाओं से भी इसे युक्त किया जाएगा। इस कार्य को 4.27 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इस कार्य को पूरा करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी के निर्धारण व कायार्वंटन की प्रक्रिया शुरू कर

दी है और माना जा रहा है कि सितंबर माह के भीतर ही निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।

# यूपी की राज्यपाल ने पैरालंपिक पदक विजेताओं को दी बधाई

लखनऊ, 02 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक में भारत के योगेश कथुनिया को चक्का फेक स्पर्धा एवं निषाद कुमार को ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने एवं महिला स्प्रिंटर प्रीति पाल को महिलाओं के 200 मीटर टी 35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि इन युवाओं की इस उपलब्धि ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पदक विजेता युवाओं ने यह साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से किसी भी मुकाम पर पहुंचना संभव है। इनकी जीत ने दिखाया है कि कठिनाइयों का सामना करने के बाद भी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इस जीत को सभी भारतवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।



# कानपुरः फाइटर गैंग का सरगना समेत दो गिरफ्तार

कानपुर, 02 सितम्बर (हि.स.)। नजीराबाद थाना की पुलिस टीम ने खबर चलाने की धमकी देकर वसूली करने वाले फाइटर गैंग के सरगना कमलेश फाइटर समेत दो लोगों को बांदा से गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया।

पुलिस उपायुक्त मध्य दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नजीराबाद थाना क्षेत्र के लक्ष्मीरतन कॉलोनी निवासी कमलेश कुमार उर्फ कमलेश फाइटर और उसके करीबी रिश्तेदार बांदा जनपद के नरैनी थाना व गांव निवासी सूरज कुमार उर्फ मजनू पुत्र रवीन्द्र को गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ आरोप है कि लोगों को खबर चलाने की धमकी देकर अवैध धन उगाही करते थे।

कमलेश फाइटर के खिलाफ वर्ष 2010 से अब तक विभिन्न धाराओं में शहर के क ा क ा द ` व , ग्वालटोली,कोतवाली, नजीराबाद थाने में कुल 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज है। जिसमें गुण्डा एक्ट का भी एक मुकदमा दर्ज किया गया है।

उल्लेखनीय है कि, नजीराबाद थाना में 20 अगस्त को सरदार हरप्रीत सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कमलेश फाइटर ने खबर चलाने की धमकी देकर एक लाख रुपये की वसूली की थी। इतना ही नहीं उसे जान से मारने और अपहरण की भी धमकी दी थी।

जिससे नजीराबाद थाने की टीम उसकी तलाश में लगी हुई थी।

आज उसे बांदा से गिरफ्तार किया गया और विधिक कार्रवाई करते हुए कमलेश फाइटर और उसके करीबी रिश्तेदार सूरज कुमार को जेल भेज दिया गया।




# सुरक्षा-सम्मान वाली सरकार चाहिए या दंगाइयों-अपराधियों का समर्थन करने वाली : योगी

- योगी आदित्यनाथ ने किया 401 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास
- भाजपा सरकार में प्रदेश में दो करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी देने का किया दावा

मुरादाबाद, 02 सितंबर (हि.स.)। आपको सुरक्षा और सम्मान की सरकार के साथ रहना है या दंगाइयों और अपराधियों का समर्थन करने वालों का साथ देना है, यह आपको सोचना और समझना होगा। वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी दी है। आगामी दिनों में सात लाख लोगों को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। यह बातें सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में मूंढापांडे स्थित आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित रोजगार मेले में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान मुरादाबाद जनपद की 401 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसके साथ ही सीएम ने वहां आयोजित रोजगार मेले में 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र व विभिन्न योजनाओं के पांच-पांच लाभार्थियों को टैबलेट, चेक आवास की चाबी आदि सौंपी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि पीतल नगरी कहलाने वाला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के विकास का ग्रोथ इंजन बनेगा। यह मुरादाबाद नये और विकसित भारत में अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा यहां गुरु जंभेश्वर के नाम पर बन रहा सरकारी विश्वविद्यालय मुरादाबाद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

विकास के पंख लगाने के लिए सरकार के पास विजन होना चाहिए। इसलिए ऐसे जनप्रतिनिधियों और सरकार को चुनने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के लोगों को दूसरे प्रदेशों में सम्मान मिला है। उत्तर प्रदेश देश का दूसरा बड़ा आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य है और अगले तीन साल में उत्तर प्रदेश देश का नंबर एक और सबसे अग्रणी मजबूत आर्थिक रूप से सशक्त राज्य बनाने का संकल्प दोहराया।

योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले की प्रदेश में सपा सरकार के कार्यकाल अपराध का बोलबाला था। उन्होंने कहा कि 2017 में उनकी सरकार बनने के बाद बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं। युवाओं को रोजगार और नौकरियां मिल रहा है। सपा के साथ कांग्रेस भी तुष्टीकरण की राजनीति करती है, जबकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास की प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार सुरक्षा के साथ सामाजिक सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार भी महिला सशक्तीकरण को साकार कर रही है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ ऐसी सरकार है जो आपके बच्चों के हाथ में पढ़ाई के लिए टैबलेट और एंड्रॉयड मोबाइल फोन दे रही है तो दूसरी ओर पूर्व में ऐसी सरकार थी जो तमंचा और गोली बंदूक थमाकर अपराध की ओर ले जाने वाली थी। कहां जाना है, यह आप तय करें। उन्होंने कहा कि हर काम देश के नाम और देश के लिए होना चाहिए।

यही संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचप्रण पर चलने का आह्वान किया है। हमें वही मार्ग चुनकर स्वामी विवेकानंद और अन्य महापुरुषों के सपनों का विकसित भारत बनाने में जुटना होगा।



# आदमखोर भेड़िए और तेंदुओं के हमले से बचाने के लिए सरकार मुस्तैद, सीएम योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ, 02 सितम्बर (हि.स.)। हाल के दिनों में प्रदेश में घटित मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभागीय मंत्री तथा संबंधित अधिकारियों को पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। आदमखोर भेड़िए और तेंदुओं के हमले से बचाने के लिए सरकार मुस्तैद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आदमखोर भेड़िये या तेंदुए द्वारा हमले किए जा रहे हैं। उन्हें हर हाल में नियंत्रित करने, पकड़ने का प्रयास किया जाए और आवश्यकता के अनुरूप कदम उठाए जाएं।

इसको लेकर पहले ही निर्देश दिए गए हैं कि प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत, राजस्व विभाग क्षेत्र में व्यापक जन जागरूकता पैदा करें। लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में भी बताएं।

उन्होंने कहा कि वन मंत्री द्वारा वन विभाग के अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती करते हुए उन्हें बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, बिजनौर सहित अन्य जिलों में लगाया जाए। ज्वाइंट पेट्रोलिंग बढ़ाएं।

वरिष्ठ अधिकारी जिलों में कैंप करें। जनप्रतिनिधियों के सहयोग लें। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां लाइट की समस्या हो, वहां पेट्रोमैक्स की व्यवस्था भी करें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जिसने मानव-वन्य जीव संघर्ष



को आपदा घोषित किया है। इस क्रम में, वन्य जीवों के हमले में घायल लोगों अथवा असमय काल-कवलित हुए लोगों के परिवारीजनों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

# भारत माता मंदिर तोड़ने पर सपा ने किया विरोध प्रदर्शन

वाराणसी,02 सितम्बर (हि.स.)। रोहनिया क्षेत्र में स्थित महात्मा गांधी चबूतरा, भारत माता मंदिर को सडक चौड़ीकरण के नाम पर तोड़ देने से नाराज सपा कार्यकताओं ने



सोमवार को मैदागिन स्थित टाउनहाल में मौन धरना दिया। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश महासचिव किशन दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांध कर मौन प्रदर्शन किया। बताते चले मोहनसराय लहरतारा सिक्स लेन सड़क चौड़ीकरण में बाधक बने रहे भारत माता मंदिर को पीडब्ल्यू डी विभाग ने जेसीबी लगाकर तोड़ दिया। इसे गांधी चबूतरा के नाम से भी जाना जाता था। विभाग और कार्यदाई संस्था के अफसरों ने रोहनिया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से बातचीत कर भरोसा दिया कि सड़क चौड़ीकरण हो जाने के बाद परमानंदपुर मार्ग के तिराहे पर गांधी स्मारक स्थापित किया जाएगा।

गांधी चबूतरा तोड़े जाने पर विरोधी दल प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साध रहे है। आरोप है कि रोहनिया में 55 साल पुराने, 1968 में बने गांधी चबूतरा और भारत माता मंदिर को तोड़ दिया गया । समाजवादी पार्टी ने कहा कि आधुनिकता के नाम पर कब तक विरासत को जमींदोज करेगी सरकार?। इसको लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिए सरकार पर निशाना साधा।

अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा-'काशी के प्रतीक चिन्हों को विकास के नाम पर तोड़कर भाजपा सरकार क्या वाराणसी की विरासत को ही खंडित कर देना चाहती है। अब रोहनिया में 55 साल पहले 1968 में बने गांधी चबूतरा व भारत माता मंदिर को चौड़ीकरण के नाम पर तोड़ दिया गया है। अगर ह्यक्योटोह्न इतिहास की धरोहर को धूल में मिलाकर बनना है तो परंपरा प्रेमी काशीवासियों के बीच इसके लिए एक सार्वजनिक जनमत करा लेना चाहिए'।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक्स पर लिखा वाराणसी के रोहनिया में 55 साल पहले 1968 में बने गांधी चबूतरा व भारत माता मंदिर को पीडब्ल्यूडी ने रोड चौड़ा करने के नाम पर तोड़ दिया। सड़क चौड़ीकरण और कथित विकास के नाम पर वाराणसी के प्रतीक चिन्हों को लगातार नष्ट किया जा रहा है। वाराणसी की धरोहरों से खिलवाड़ कब तक किया जाता रहेगा?। काशीवासियों के साथ प्रवासी जी का मजाक अब बंद होना चाहिए।

# उप्र में 34 जनपदों में मेघ गर्जन के साथ बारिश की संभावना

कानपुर, 02 सितम्बर (हि.स.)। बंगाल में बना निम्न दबाव का क्षेत्र डिप्रेशन (अवदाब) में तब्दील हो रहा है। इससे मौसम की गतिविधियों में आगामी दिनों बदलाव होगा और तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार हैं। अगर सोमवार यानी आज की बात करें तो उत्तर प्रदेश का मौसम रविवार की भांति ही रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश के 34 जनपदों में मेघ गर्जन के साथ बारिश की संभावना है और अन्य जनपदों में भी बौछारें पड़ सकती हैं।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मानसून की ट्रफ लाइन उत्तर प्रदेश से बाहर जा चुकी है, जिससे सोमवार को तेज बारिश के आसार कम हैं।

हालांकि स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, साथ ही बादलों की गड़गड़ाहट भी होगी। कुछ जनपदों में आसमान बादलों से घिरा रहेगा तो कुछ जनपदों में आसमान साफ रहेगा। जहां पर आसमान साफ रहेगा वहां पर उमस भरी गर्मी बढ़ेगी और बाकी जगहों पर तापमान सामान्य रहेगा।

मौसम की जो गतिविधियां बनी हुई हैं उसके मुताबिक प्रतापगढ़, महोबा, बांदा, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, राय बरेली, अमेठी, कानपुर नगर, ललितपुर, झांसी, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कासगंज, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, अयोध्या, संत कबीर नगर, बस्ती, उन्नाव, औरैया, लखनऊ, बाराबंकी, कन्नौज, हरदोई, फरुर्खाबाद, बहराइच, गोण्डा, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, बदायूं में मेघगर्जन व आकाशीय बिजली के साथ बारिश की संभावना है। इसके साथ ही इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी।

# इंजन फेल होने से दो घंटे स्टेशन पर खड़ी रही अवध एक्सप्रेस

बहराइच, 02 सितम्बर (हि.स.)। लखनऊ से गोंडा जाने वाली अवध एक्सप्रेस ट्रेन का इंजन सोमवार सुबह जरवल रोड रेलवे स्टेशन पर फेल हो गया। इसकी वजह से दो घंटे तक ट्रेन स्टेशन पर एक खड़ी रही। गर्मी में यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। बाराबंकी से दूसरा इंजन आने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई।

लखनऊ गोंडा रेल प्रखंड पर मुंबई बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से चलकर बरौनी जंक्शन तक जाने वाली अवध एक्सप्रेस ट्रेन जरवल रोड रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर सोमवार सुबह 5.53 पर पहुंची। स्टेशन पर ट्रेन का दो मिनट का ठहराव है। ट्रेन रुकने के बाद रवानगी के लिए सिग्नल मिला लेकिन ट्रेन आगे नहीं बढ़ी।

चालक ने इंजन ठीक करने का प्रयास किया, जब नहीं चली तो स्टेशन अधीक्षक शिवपाल सिंह को सूचना दी गयी। स्टेशन अधीक्षक की ओर से विभागीय कार्यवाही के बाद बाराबंकी से दूसरा इंजन लाया गया। ट्रेन को 7.46 बजे अपने गंतव्य को बरौनी के लिए रवाना किया गया। तकरीबन दो घंटे स्टेशन पर ट्रेन के खड़े होने से यात्रियों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती: अभ्यर्थियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आवास घेरा

लखनऊ, 02 सितम्बर (हि.स.)। 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में सोमवार को प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास पर घेराव किया। इस



दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो पुलिस से उनकी झड़प हो गयी है। उन्हें वहां से हटाकर दूसरे स्थान पर भेजने की तैयारी की जा रही है।

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी हाईकोर्ट लखनऊ के डबल बेंच से दिए गए फैसले का पालन किए जाने मांग को लेकर केशव प्रसाद के घर के सामने धरने पर बैठे हैं। बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यार्थी यहां जोरदार नारेबाजी कर रहे हैं मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि हाई कोर्ट का जो फैसला आया है सरकार उसे जल्द से जल्द लागू करें और आरक्षित वर्ग अभ्यर्थियों को न्याय देते हुए उनकी नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करें। उससे पहले दागी अधिकारियों को तत्काल हटाकर नए अधिकारी नियुक्त करें। जिससे भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी रूप से पूरा किया जा सके।

धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद बीते 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच ने हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया है और नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली कर रही है हम चाहते हैं की सरकार जल्द से इस प्रकरण का समाधान करें और एक शेड्यूल जारी करके बताएं कि हम पीड़ितों की नियुक्ति कब की जा रही है।

पटेल ने कहा कि, कोर्ट ने 69000 शिक्षक भर्ती मूल चयन सूची रद्द करते हुए सरकार को तीन महीने के अंदर आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करने का आदेश दिया है।

लेकिन सरकार ने अभी तक कोई काम शुरू नहीं किया है केवल एक मीटिंग की है। हमारी मांग है कि सरकार हमारी चयन संबंधित प्रकिया का कार्यक्रम शेड्यूल जारी कर दे।

# चार वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी नार सिंह पटेल को उम्रकैद की सजा

सोनभद्र, 02 सितम्बर (हि.स.)। जनपद में आज से साढ़े छह वर्ष पूर्व चार साल की बच्ची से हुए दुष्कर्म मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषी नार सिंह पटेल को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख 500 रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर तीन माह का अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साथ ही साथ अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपये पीड़ित को दिए जाएंगे।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक, पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले पीड़ित युवक ने पन्नूगंज थाना में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी चार वर्षीय नाबालिग बेटी को खेलते समय 13 मार्च 2018 को ऊंची खुर्द निवासी नार सिंह पटेल अपने घर ले गया। उसने बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बेटी ने घर आकर अपनी मां को घटना के बारे में बताया। परिवार ने आरोपित के खिलाफ पुलिस में शिकायत की तो पुलिस ने फौरन मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बयान और छानबीन में मिले पुख्ता सबूत पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोष सिद्ध पाकर दोषी नार सिंह पटेल को उम्रकैद एवं एक लाख 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# भाजपा का सदस्यता अभियान व्यक्ति को राष्ट्र से जोड़ने का आन्दोलनः योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, 02 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से प्रारंभ हो रहा



भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान व्यक्ति को राष्ट्र प्रथम की भावना, जनसेवा के संकल्प, अंत्योदय के प्रण और 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के विजन के साथ जोड़ने का आंदोलन है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा आइए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रदत्त 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' मंत्र को आत्मसात कर भाजपा के हम सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता से इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएं। ध्यान रहे, कोई घर, कोई व्यक्ति, कोई वर्ग छूटने न पाए। भारत माता की जय।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 02 सितम्बर को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने के बाद सदस्यता अभियान का शुभारम्भ हो जाएगा।

इसके बाद पूरे प्रदेश में पार्टी के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को मिस्ड कॉल 8800002024 पर कॉल कराकर पार्टी का सदस्य बनाने का कार्य करेंगे।

राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में 03 सितम्बर को उत्तर प्रदेश में सदस्यता अभियान की लॉचिंग होगी।

श्री शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी कार्यकताओं ने बूथ स्तर तक अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है।

# स्कूली छात्रा को रास्ते में बंधक बनाकर दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

फतेहपुर, 02 सितम्बर (हि.स.)। औंग थाना क्षेत्र में सोमवार को एक स्कूली छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

औंग के एक गांव में रहने वाले युवक ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी कक्षा नौवीं की छात्रा है। रोज की तरह बेटी 28 अगस्त की सुबह घर से साइकिल पर सवार होकर स्कूल के लिए निकली थी। स्कूल जाने वाले रास्ते में आदर्श नाम युवक का गांव किनारे ट्यूबवेल है। जैसे ही बेटी नलकूप के सामने पहुंची, तभी पहले से घात लगाए बैठा आदर्श ने लड़की को जबरन उठाकर ट्यूबवेल की कोठरी में ले गया। उसने यहां पर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और कमरे में ताला लगाकर मौके से चला गया। दोपहर एक बजे स्कूल की छुट्टी होने के समय आरोपित आदर्श ट्यूबवेल आया और ताला खोलकर लड़की को घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। डरी सहमी घर पहुंची छात्रा को गुमसुम देखकर परिजनों ने पूछताछ की। इस दौरान लड़की ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पिता ने बेटी को साथ लेकर औंग थाना पहुंचकर आरोपित के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर पाक्सो एक्ट, दुष्कर्म सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# नगर निगम कार्यकारिणी ने 37 करोड़ के बकाया पर ढाई करोड़ के भुगतान को दी मंजूरी

मेरठ, 02 सितम्बर (हि.स.)। शहर की स्ट्रीट लाइट लगाने वाली कंपनी के 37 करोड़ रुपए बकाया के बदले सोमवार को महापौर की अध्यक्षता नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में ढाई करोड़ के भुगतान को मंजूरी दी गई। इस दौरान महापौर और नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस समय शहर अंधेरे में है और लोग परेशान हैं। जबकि ईईएसएल कंपनी के अधिकारियों को लोगों की समस्या दिखाई नहीं देती। पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब कंपनी के कर्मचारी काम ही समय बचा है। ऐसे में नगर निगम हर वार्ड के लिए कम से कम 100-100 स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करें। इस पर बैठक में ही मौजूद वित्त नियंत्रक और मुख्य लेखा परीक्षक की राय ली गई। इस पर दीपावली को लेकर 9000 स्ट्रीट लाइट खरीदनें की



पार्षदों ने इस कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए, लेकिन नगर निगम अधिकारियों ने शासन के आदेश का हवाला देकर कुछ भुगतान कराने के लिए कार्यकारिणी को मनाया।

सूरजकुंड रोड स्थित महापौर कैंप कार्यालय में सोमवार को महापौर हरिकांत अहलूवालिया की अध्यक्षता में नगर निगम की कार्यकारिणी की विशेष बैठक हुई। बैठक में शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने वाली कुपनी ईईएसएल के काम को लेकर महापौर और पार्षदों ने गहरी नहीं करते तो भुगतान क्यों किया जा रहा है। नगर आयुक्त डॉ. अमित पाल शर्मा ने कहा कि शासन का आदेश है कि कंपनी को कुछ भुगतान किया जाए। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार से अनुबंधित कंपनी ईईएसएल की पेमेंट रिलीज होने जरूरी है, क्योंकि यह शासन का आदेश है। महापौर की नाराजगी के बीच मात्र ढाई करोड़ के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

महापौर ने कहा कि दीपावली में मात्र दो महीने का बात हुई। कार्यकारिणी सदस्यों ने कहा कि शहर के अधिकांश क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। जहां लाइटों की जरूरत नहीं है, वहां दिन में भी लाइट जलती रहती है।

इसके बाद भी कंपनी को 37 करोड़ रुपए के भुगतान का दबाव निगम अधिकारियों द्वारा बनाया जा रहा है। उन्होंने कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने और भुगतान पर रोक लगाने की मांग की। बैठक में पार्षद कीर्ति घोपला, संजय सैनी, रेखा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दोहरे हत्याकांड में फरार 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

बागपत, 02 सितम्बर (हि.स.)। चांदीनगर थाना क्षेत्र में दो अगस्त को हुए दोहरे हत्याकांड का 50 हजारी



बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ है। आरोपित को पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। इस दोहरे हत्याकांड में सात लोगों के खिलाफ चांदीनगर थाना में मुकदमा दर्ज है, जिसमें अब तक दो गिरफ्तार हो चुके हैं।

पुलिस के मुताबिक, दो अगस्त की रात चांदीनगर थाना क्षेत्र में खैला के जंगल में कुलदीप और उसके रिश्तेदार कविंद्र जीजा-साले की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गयी थी। कुलदीप के भाई अधिवक्ता संदीप कुमार ने चार नामजद हरेंद्र, दीपक, गौतम, दीपक उर्फ फुतीर्ला सहित तीन अज्ञात सहित सात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने खैला निवासी हरेंद्र को तीन अगस्त को ही गिरफ्तार कर लिया था। मेरठ आईजी निचिकेता झा ने घटना स्थल का दौरा करते हुए फरार तीन नामजद आरोपितों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

चांदीनगर थाना पुलिस का कहना है कि रविवार की रात वह गस्त पर थे। आरोपित गौतम और हर्ष की लोकेशन उनको मिली।

थाना पुलिस और स्वॉट टीम ने मौके पर पहुंचकर आत्मसमपर्ण करने के लिए कहा लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कारवाई में गौतम को पैर में गोली लगी और हर्ष भाग निकला। घायल गौतम को अस्तपाल में भर्ती कराया गया, जहां से उसको न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गौतम पर 50 हजार का इनाम था। उसके पास से एक पिस्टल, कारतूस, खोके और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गौतम पर उत्तराखण्ड, गौतमबुद्धनगर और बागपत के थानों में मुकदमें दर्ज हैं।

# बालैनी थाने में धमाके के साथ उड़ गयी कमरे की छत

बागपत, 2 सितंबर (हि.स.)।

बागपत जिले के बालैनी थाने में बीती रात तेज धमाके के साथ कमरे की छत गिर गयी। कमरे में देर तक धमाके होते रहे। कमरे में पटाखे रखे हुए थे।

थाना में रखे पटाखों में देर रात करीब दो बजे अचानक जोरदार विस्फोट हुआ था। विस्फोट से बालैनी थाने में अफरा तफरी मच गयी। विस्फोट होने से एक कमरे, मेस की छत और दीवारे भरभराकर गिर गई। पटाखे में देर तक धमाके होते रहे।

जिससे वहां आग लग गयी। पुलिसकर्मियों ने मिलकर आग बुझाकर हालात पर काबू पाया। थाना प्रभारी का कहना है कि विस्फोट होने का कारण शार्ट शर्किट हो सकता है। इस कमरे में अवैध रूप से तस्करी किये जा रहे पटाखे रखे हुए थे जिसमें तेज धमाका हुआ है।

# करंट लगने से डंफर सवार दो युवकों की मौत

बिजनौर, 2 सितम्बर ( हि.स.)। नूरपुर क्षेत्र में खनन सामग्री से भरे डंफर को खाली करते समय हाई बोल्टेज लाइन के सम्पर्क में आ गया। करंट की चपेट में आने से डंफर में सवार दो युवकों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

यह खतरनाक हादसा नूरपुर में धामपुर रोड पर एस आर पेट्रोल पंप के पास उस समय हुआ जब डंफर को माल उतारने के लिए लिफ्ट किया गया। डंफर उपर जा रही हाइ बोल्टेज लाइन को छू गया। लाइन से टच होते ही डंफर में करंट फैल गया। डंफर में सवार सैफुल व शोएब करंट की चपेट में आ गए। दोनों बेहोश हो गए। दोनों मृतक मुरादाबाद जनपद के ठाकुरद्वारा के रहने वाले हैं। पुलिस ने कानूनी कार्यवाही की बात कही है।

# आर डी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी विज्ञान मंथन की कार्यशाला का हुआ आयोजन

सिरसागंजः- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा की कार्यशाला आर डी शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 15 नवंबर, 2024 को होगी। राज्य स्तरीय परीक्षा 08, 15 और 22 दिसंबर, 2024 में से किसी एक दिन होगी एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 17 कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। छात्र अधिक जानकारी ँ३३स्त्र२://५५.ङ्म४ॅ.ल्ल पर कर सकते हैं।

दिलीप जादौन ने सभी




पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन एवं निदेशक दिलीप जादौन के संयोजन में सम्पन्न हुई।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन,वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस परीक्षा के पहले स्तर की परीक्षा दिनाँक 23 अक्टूबर 2024 और 27 अक्टूबर 2024 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से और 18 मई, 2025 को प्रस्तावित है। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 20 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा।

शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक शिक्षक साथियों के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रोशर का विमोचन करते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान के कार्यक्रमो में प्रतिभाग कराएं। कार्यशाला का सफल संचालन प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीती सिंह ने किया। इस अवसर पर आकाश सिंह, रतिभान सिंह, सपना सिंह,विनीता सिंह, रीता पाल, कीर्ति यादव एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन किसान ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन, समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग

शिकोहाबाद। भारतीय किसान यूनियन किसान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित 18 उचित लाभकारी मूल्य के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को केंद्र सरकार लागू करे। कई राज्यों में किसानों को बिजली मुफ्त दी जा रही है। बाकी राज्यों में भी किसानों किया जाए। जिससे बिजली पर गांवों की निर्भरता कम हो। भूमि अधिगृहण की नीति को किसानों के अनुकूल बनाया जाए। गावों के उजडने की कीमत पर उन सभी ग्रामीणों



सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार शिकोहाबाद और सिरसागंज को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून आजकी सबसेअधिक जरूरत है। केंद्र सरकार का तीसरा टर्म चल रहा है। अब सरकार को इसे तत्काल लागू कर देना चाहिए। फसलों के को मुफ्त बिजली दी जाए। सबसे विकराल समस्या किसानों के सामने छुट्टा पशुओं को लेकर है। सरकार ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी परती की जमीनों पर अस्थाई पशुशालाएं बनाए ताकि किसानों को इससे खेती के अलावा जानमाल की सुरक्षा की जा सके। सोलर इनर्जी को बढ़ावा देने के लिए रूफटाप सब्सिडी दी जाए और किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं बनें। साथ ही बाजार भाव से जमीनों के मुआवजे के भुगतान की व्यवस्था की जाए। चेतावनी दी अगर उक्त मांगों को शीघ्र माना जाए, अन्यथा की स्थित में यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष कर्मवीर, बैजनाथ सिंह,शैलेंद्र कुमार प्रदेश सचिव, राहुल कुमार,अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# सिरसागंज में कैबिनेट मंत्री ने किया सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

सिरसागंज। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे देशव्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका परिषद सिरसागंज प्रांगण में शाम 5 बजे सदस्यता अभियान क तहत एक विशाल कर सदस्यता ग्रहण की तथा कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों ने भी मिस्ड कॉल कर इस सदस्यता अभियान में सदस्यता ग्रहण की ।

कैबिनेट मंत्री जयवीर ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव अरांव कमलेश राजपूत, सुमन चतुवेर्दी, बृजेश सिंह, भाजपा जिला महामंत्री शशिकला यादव, विपिन शिवहरे, प्रवीण सिंह नीटू, पालिका चेयरमैन रंजना गुरुदत्त सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह,



सदस्यता शिविर लगाया गया । शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शामिल होकर सदस्यता लेकर शिविर का शुभारंभ किया । कैबिनेट मंत्री ने सर्व प्रथम अपने मोबाइल फोन से नम्बर डायल लड़ने और जीतने तक सीमित नहीं है। भाजपा एक व्यवस्था है , विचार है, संगठन है, आंदोलन है । उन्होंने नगर व क्षेत्र के आमजन और पार्टी कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता लेने की अपील की।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख महिला मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष श्वेता पोरवाल, आशा सिंह, नीलम सिंह, अमिता पोरवाल,अविनाश सिंह भोले, शोभित सिंह, सागर गुप्ता राजीव कुशवाह सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा, छह घायल

## एत्मादपुर से दर्शन करके लौटते समय नौशहरा के समीप हुआ हदास

शिकोहाबाद। एत्मादपुर से दर्शन कर ऑटो से घर लौट रहे श्रद्धालुओं का ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ऑटो में सवार छह लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं।

सिरसागंज के गांव सराय सेख निवासी रामनरेश ऑटो चला कर परिवार का भरण पोषण करता है। सोमवार सुबह रामनरेश अपनी पत्नी सुमन (28) के अलावा राधा (18) पुत्री राजकिशोर, शिल्पी 22 पत्नी जुगल किशोर, गुनगुन पुत्री रामनरेश, दाताराम (55) के साथ दर्शन कर घर लौट रहा था। जब उसका ऑटो नौशहरा पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ऑटो में सवार सभी लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं अन्य हादसे में तीन लोग घायल हो गये। स्टेशन रोड पर एके कॉलेज के पास सड़क हादसे में एक बालक सहित युवक घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नमन निवासी लेबर कॉलोनी एके कॉलेज के पास को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बालक व बाइक सवार धर्मेंद्र निवासी असुआ घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं सोमवार को सड़क हादसे में अजित निवासी सलेमपुर भी घायल हो गया।

# स्टाफ नर्स पर लगाया ठगी का आरोप

फिरोजाबाद। मेडिकल कॉलेज में जॉब के नाम पर दो लड़कियों से 50 हजार की ठगी हॉस्पिटल में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत मनोज कुमार के द्वारा ठगी की गई। हॉस्पिटल में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर लगाने के लिए 50-50 हजार में बात हुई। स्टाफ नर्स द्वारा एफ एच हॉस्पिटल से बिना कार्य किए अनुभव लेटर भी बनवा दिए गए । जगजीवन रामनगर निवासी युवती से 36 हजार रूपए ऑनलाइन लिए गए। जबकि महावीर नगर निवासी काजल कुमारी से 14 हजार रुपए कैश लिए गए। 3 महीने से दोनो युवतियों को टहलाया जा रहा था, जबकि युवतियों के फोन पर बाजपेई ट्रेडर्स की कंपनी के फर्जी ज्योनिंग लेटर भी भेजा गया। जिसके बाद दोनो युवतियां नौकरी के लिए गई तो पूरा मामला फर्जी निकला। जिसके बाद दोनो युवतियों ने मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य शिकायत करके कार्यवाही की मांग की गई है। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बलवीर सिंह ने बताया पहले तो युवतियों को मुकदमा दर्ज करना चाहिए हमने कार्य दाई संस्था को कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा है

# सेवानिवृत होने पर पूर्व सैनिकों ने किया सैनिक का सम्मान

शिकोहाबाद। सैनिक समाज सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने लेफ्टिनेंट रविंद्र सिहं यादव के सेवानिवृत होने पर उनका स्वागत सम्मान किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों के अलावा परिवार और रिश्तेदारों ने भी स्वागत सम्मान किया।

सोमवार को लेफ्टिनेंट रविंद्र सिंह यादव सेवानिवृत होकर अपने गांव आ रहे थे। जब इसकी जानकारी सैनिक समाज सेवा संगठन के पदाधिकारियों को मिली तो बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक रेलवे स्टेशन पर पहुंच गये। यहां से बैंड बाजे के साथ उनको पैत्रिक गांव नगला चंदा तक ले गए। इस दौरान सभी पूर्व सैनिक भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

गांव में पहुंच कर सेवानिवृत हुए सैनिक ने मंदिर में पहुंच कर पूर्जा अर्चना की। इसके बाद गांव के सभी लोगों से मिले। इसके बाद सभी सदस्य जम्मू कश्मीर डोडा जिले में शहीद हुए एएसआई विक्रम सिंह के गांव खरदूसपुरा ढकपुरा में पहुंचे और वहां जाकर उनके परिवार से मिले और शहीद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर परिवार को शांत्वना दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दलवीर सिंह के आवास पर पहुंचे और उनका हालचाल पूछा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विशेष कुमार यादवए प्रमुख महासचिव प्रयाग चंद्र यादवए कोषाध्यक्ष ध्रुवजीत सिंहए मीडिया प्रभारी एसआई मुरारीलाल यादवए सिरसागंज तहसील अध्यक्ष एमपी सिंह यादवए जसराना रवीश कुमार यादवए प्रताप सिंह यादवए वीरेंद्र सिंह यादवए अवधेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# नदीम के रुप में हुई युवक की शिनाख्त

जसराना। थाना क्षेत्र के विलासपुर प्राणपुर रोड पर मौजूद बंबा में मिले शव की शिनाख्त एका निवासी नदीम के रुप में हुई। मृतक के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया है।

शनिवार की सुबह विलासपुर रोड पर मौजूद बंबा में एक युवक का शव मिला था। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया था। सोमवार को थाना पहुंचे कुछ लोगों ने शव की पहिचान नदीम के रुप में की। परिजनों ने बताया कि नदीम थाना उत्तर क्षेत्र का रहने वाला था। वह काफी समय से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कस्बा एका में रह रहा था।

मृतक के भाई ने उसके ससुरालियों पर हत्या करने आरोप लगाया। भाई सोनू की तहरीर पर मृतक के ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया है।

मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पूरे मामले का खुलासा पुलिस आज कर सकती है।

# डेढ़ माह पूर्व सड़क हादसे में घायल ने दम तोड़ा

फिरोजाबाद। थाना पचोखरा क्षेत्र में डेढ़ महीना पूर्व सड़क हादसे में घायल एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

गढ़ी दयाराम निवासी दिनेश कुमार 43 वर्ष 21 जुलाई को साइकिल से घर जा रहे थे।

उसी दौरान एफ एच कालेज के समीप तेज गति से जा रहे किसी वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनो ने उसे उपचार को भर्ती कराया। उपचार के दौरान रविवार की शाम उसकी मौत हो गई।

परिवारीजन शव पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल लेकर आए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

# साधु पर जानलेवा हमला, आगरा रेफर

फिरोजाबाद, 2 सितम्बर (हि.स.)। थाना रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत रविवार की रात अज्ञात हमलावरों ने एक साधु पर जानलेवा हमला कर दिया। अज्ञात हमलावरों ने साधु पर फायरिंग कर दी। गोली साधु के सिर में लगी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर गोली चलने की आवाज सुनकर मिश्रा का कहना है कि केश्वदेव उर्फ शिवदयाल पर हमला हुआ है। वह मैनपुरी के रहने वाले हैं। पूर्व में शिकोहाबाद रहे। अभी पिछले तीन महींने से यहां एक



गंभीर रूप से घायल साधु को उपचार हेतु आगरा रेफर किया गया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

जनपद मैनपुरी निवासी साधु केशवदेव उर्फ शिवदयाल उर्फ प्रेमानंद हाल में थाना रामगढ़ क्षेत्र के गांव रैपुरा स्थित कोठरी में रहते थे। रविवार की रात में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल साधु को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें आगरा रेफर किया गया है।

इस सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार कोठरी में रहते थे। उन्हें अस्पताल भेजा गया।जहां से उन्हें उपचार हेतु आगरा रेफर किया गया है। उन्होंने गांव के ही कुछ लोगों पर आशंका जाहिर की है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है। जल्द ही घटना का खुलासा कर हमलावरों को जेल भेजा जाएगा।

# यूपीएस के विरोध में छह तक काली पट्टी बांध कर करेंगे शिक्षण कार्य

शिकोहाबाद। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाहन पर सोमवार को अटेवा के सभी संगठनों तथा अन्य डॉ. सहदेव सिंह चौहान ने अटेवा सहित सभी संगठनों से आवाहन किया था कि यूपीएस के विरोध में 2 से 6 सितंबर तक काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य कृष्णज,डॉ. सहदेव सिंह चौहान,डॉ. बीएन सिंह,करतार सिंह यादव,कमल यादव,सुमन पांडे,शिवम उपाध्याय,चंदन यादव,संदीप राठौर,संजय



संगठनों के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। आंदोलन के लिए सभी संगठनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

अटेवा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार कृष्णाज,महामंत्री अथवा कार्यालयों में कार्य करेंगे। इसी आधार पर सोमवार को डिग्री, माध्यमिक, बेसिक के स्कूलों में स्टाफ द्वारा काली पट्टी बांध कर काम किया गया। सभी संगठनों का साथ मिल रहा है। इस कार्य में धर्मेंद्र कुमार यादव,ओपी गुप्ता,समसुदीन,जय किशन, गौरव,डीपीएस राठौर,राजेश यादव,कमलेश राजपूत,श्रीध्वज शर्मा,राधे श्याम यादव आदि साथियों के समस्त स्टाफ ने इस कार्य में सहयोग किया।

# वेसमेन्ट में चल रहे अवैध कोचिंग सेंटरों पर हुई कार्यवाही से मचा हड़कम्प

फिरोजाबाद, नगर में वेसमेंट में चल रहे अवैध कोचिंग सेंटरों व लाइब्रेरी के खिलाफ प्रशासन की कार्यवाही से हड़कम्प मच भर जाने के कारण कोचिंग सेंटर में कई छात्रों की जान चली गयी थी, इस बात को लेकर फिरोजाबाद प्रशासन द्वारा मानक के विपरीत चल रहे ऐसे कई कोचिंग सेंटरों व लाइब्रेरी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें सीज कराया है।




गया जिला प्रशासन ने ऐसी कई कोचिंग सेंटरों के खिलाफ सीज करने की कार्यवाही की है

स्टेशन रोड पर वेसमेन्टो में चल रहे कई कोचिंग क्लास व लाइब्रेरी की सूचना पर जिला प्रशासन हरकत में आया, और नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद ने मौके पर जाकर इन अवैध कोचिंग सेंटरों को चलते पाया जो वेसमेन्ट में बेखोफ चलाये जा रहे थे। पिछले दिनों देश की राजधानी दिल्ली में अधिक वर्षा होने के कारण वेसमेन्ट में पानी जागरूक करते हुए सभी कोचिंग व स्कूल कॉलेज को सूचित किया गया था। लेकिन नगर के ऐसे कई कोचिंग संचालको ने इस पर कोई ध्यान नही दिया, और अपने यहाँ शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र- छात्राओं की जिन्दगी से खिलवाड़ करते रहे। इसी के चलते नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ स्टेशन रोड स्थित झा क्लासेज , श्योर सक्सेज सहित अन्य कोचिंग सेंटरों पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399.
9411927251,
9259041013,
9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com